प्रेषकः
अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

सेवा में,
माननीय ओ0एस0डी0(कम्प्यूटर),
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,
माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

पत्र संख्याः– 876 / जि0वि0से0प्रा0 / 2025 दिनांकः 02 अगस्त,2025

**विषयः– कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मैनपुरी में मध्यस्थगणों की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति की तिथि के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ससम्मान विनम्र निवेदन है कि माननीय उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जनपद मैनपुरी में मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में मध्यस्थगणों के पद पर चयन किया जानाा है। जिसके सम्बन्ध में मध्यस्थगणों के पद पर नियुक्ति प्रस्तावित है, जिसके सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा दिनांकः 31.07.2025 को विज्ञप्ति जारी की गयी है, जो इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः महोदय से अनुरोध है कि उक्त विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय,इलाहाबाद की बेवसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

दिनांकः 02.08.2025
संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(कमल सिंह)
अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव,
जिला विधिकसेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

**अग्रसारित**

**जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष,**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मैनपुरी**

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मैनपुरी।

## विज्ञप्ति संख्याः—

उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में मध्यस्थगणों के 12 पदों पर चयन किया जाना है, जिसके सम्बन्ध में मध्यस्थगणों के पद पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| क्र0 सं0 | पद नाम | पदों की संख्या | सेवा की अवधि | शैक्षिक योग्यता | आवश्यक आर्हताएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्यस्थ | 12 | अधिकतम 03 वर्ष | विधि स्नातक,उ0प्र0राज्य बार काउंसिल द्वारा रजिस्टर्ड। | 1.आपराधिक विधि एव सिविल की वकालत का कम से कम 15 वर्ष का अनुभव.<br>2.उत्कृष्ट कोटि का मौखिक व लिखित वार्तालाप की क्षमताये.<br>3.फौजदारी कानून एवं सिविल कानून की उत्कृष्ट जानकारी. |

उपरोक्त पद के आवेदन के साथ अपना अधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता के प्रमाणित प्रतिलिपियॉ, पासपोर्ट आकार के 1 फोटो, अनुभव प्रमाण पत्र, के साथ आवेदक निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन की समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मैनपुरी के कार्यालय में दिनांकः 04.08.2025 को अपरान्हः 05:00 बजे तक प्राप्त करा दे। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नही किया जाएगा। उक्त के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये जनपद न्यायालय मैनपुरी की बेवसाइट (https://mainpuri.dcourts.gov.in) से प्राप्त कर सकते है।

दिनांकः 31.07.2025

(कमल सिंह)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
मैनपुरी।

**प्रतिलिपिः—** 1. माननीय सदस्य सचिव, उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ।

2. जिलाधिकारी, मैनपुरी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कलेक्ट्रेट व अधीनस्थ तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

3. जिला सूचना अधिकारी,मैनपुरी को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञप्ति प्रकाशित कराने हेतु।

4. केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय,मैनपुरी को जनपद न्यायालय,मैनपुरी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।

5. अध्यक्ष/सचिव, जिला सिविल बार एसोसिएशन,मैनपुरी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति व आवेदन पत्र का प्रारूप को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।

6. नोडल अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, दीवानी न्यायालय, मैनपुरी को उक्त विज्ञप्ति व आवेदन का प्रारूप जनपद न्यायालय,मैनपुरी व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(कमल सिंह)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मैनपुरी।